FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : चौथीं | **विषय : हिन्दी**

PAPER CODE : 4011 | **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO – L-411 - स्तरानुसार अन्य विषयों व्यवसायों, कलाओं आदि जैसे- गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, नृत्यकला, चिकित्सा आदि) में प्रयुक्त होने वाली शब्दावली की सराहना करते हैं।

गतिविधि 1. काम करेंगे ध्यान धरेंगे

शिक्षक छात्रों से कहेंगे कि स्कूल से घर जाते समय एवं घर के आस–पास के कार्यों का अवलोकन करें। अगले दिन छात्र कक्षा में आकर बताएंगे।

गतिविधि 2. काम करेंगे ध्यान धरेंगे

शिक्षक द्वारा कामगारों के औजारों का चित्र बनाया जाएँगा एवं उस पर छात्र औजार के उपयोग के बारे में बताएँगे।

गतिविधि 3. मौसम बड़ा प्यारा है

छात्रों को परिवेश का अवलोकन करने को कहा जाएँगा। इसके बाद परिवेशीय वातावरण पर छात्र अपनी बात रखेंगे।

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO – L-406 - पढ़ी हुई सामग्री और निजी अनुभवों को जोड़ते हुए उनसे उभरी संवेदनाओं और विचारों की (मौखिक/लिखित) अभिव्यक्ति करते हैं।

गतिविधि 4. मेरे कई शिक्षक

शिक्षक छात्रों को परिवेश की वस्तुओं को बताकर छात्रों से उस पर सकारात्मक पक्ष रखने को कहेंगे। जैसे – आग, पानी, वृक्ष धरती, सायकल आदि।

गतिविधि 5. कालक्रम

श्यामपट्ट पर कोई एक अनुच्छेद लिखकर शिक्षक द्वारा वाचन किया जायेगा। इसके बाद एक–एक वाक्य शिक्षक के पढ़ने पर छात्र वाक्यों का काल परिवर्तन करेगा (मौखिक)

भूतकाल से वर्तमान काल एवं वर्तमान काल से भूतकाल

गतिविधि 6. मैं भी कवि

शिक्षक द्वारा कक्षा में प्रत्येक बच्चों से स्थानीय भाषा या बोली में कहानी या कविता बोलने का कहा जायेगा।